This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No.* ..............

**5849-A**

**LL.B./II Term** **C**

Paper IV : CRIMINAL LAW-II (Old Course)

(Specific Crimes)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. Answer briefly any *four* of the following :

(*a*) What is 'Doctrine of Transferred Malice' ?

(*b*) What is the criminal liability for Honour Killings under the IPC ?

(*c*) Under which provision of IPC can Euthanasia be dealt with ?

(*d*) How is culpability determined in cases of Gang rape ?

(*e*) What are the essential ingredients of the offence of Theft ?

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(*a*) 'अन्तरित विद्वेष का सिद्धान्त' क्या होता है ?

(*b*) भारतीय दण्ड संहिता के तहत सम्मानार्थ मरण हेतु आपराधिक दायित्व क्या है ?

(*c*) भारतीय दण्ड संहिता के किस उपबन्ध के अन्तर्गत सुखमृत्यु सम्बन्धी कार्रवाई की जा सकती है ?

(*d*) सामूहिक बलात्संग के केसों में आपराधिकता किस प्रकार अवधारित की जाती है ?

(*e*) चोरी के अपराध के अनिवार्य तत्व क्या होते हैं ?

2. What is the difference between Clause (2) of Section 299 and Clause (3) of Section 300 IPC ? Explain in the light of the decision of the Supreme Court in Virsa Singh *Vs.* State of Punjab AIR 1958 S.C. 465.

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 299 के खण्ड (2) और धारा 300 के खण्ड (3) के बीच क्या अन्तर है ?

विरसा सिंह **बनाम** पंजाब राज्य ए.आई.आर. 1958 S.C. 465 में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट कीजिए।

3. Reena was engaged to be married to Ramesh. One day, she was shocked to see him coming out of a movie hall hand in hand with her best friend. She followed the two and saw them enter into a hotel room. She knocked the door and when Ramesh came out she started hitting him violently with her bare hands and kicked him several times in his abdomen as a result of which he fell down and died. Postmortem examination revealed that death was caused by rupture of enlarged spleen. In her defence to the charge of murder, Reena pleads ignorance of the medical condition

of the deceased as well as grave and sudden provocation by the deceased. Discuss and decide.

रीना की रमेश के साथ विवाह किए जाने के लिए सगाई हुई थी। एक दिन, उसे रमेश को अपनी सर्वाधिक मित्र के हाथ में हाथ डाले मूवी हॉल से बाहर आते देखकर आघात लगा। उसने उन दोनों का पीछा किया और उन्हें होटल के एक कमरे में प्रवेश करते देखा रीना ने दरवाजा खटखटाया तथा जब रमेश बाहर आया तो उसने अपने नंगे हाथों से रमेश पर हिंसात्मक रूप में प्रहार करना शुरू कर दिया तथा उसके उदर पर कई बार लात मारी जिसके फलस्वरूप वह गिर गया तथा मर गया। शव परीक्षण से खुलासा हुआ कि मृत्यु बड़ी तिल्ली के फट जाने से कारित हुई थी। हत्या के आरोप के विरुद्ध अपने बचाव में रीना ने मृतक की स्वास्थ्य

स्थिति के प्रति अज्ञानता और मृतक द्वारा गम्भीर तथा अचानक प्रकोपन का अभिवाक् किया। विवेचन तथा विनिश्चय कीजिए।

4. 'A' kept a bottle of medicine in a shelf where some other bottles containing poisonous solution for his photography business were also kept. In a state of drunkenness before going to bed, 'A' mistakenly gave his ailing wife the poisonous solution, as a result of which she died. Discuss the liability of 'A' with the help of decided cases.

'A' ने दवाई की एक बोतल को शैल्फ में रख दिया जहाँ उसके फोटोग्राफी कारोबार हेतु विषाक्त घोल की कुछ अन्य बोतलें भी रखी हुई थीं। बिस्तर पर जाने से पहले मदमत्तता की स्थिति में 'A' ने अपनी बीमार पत्नी को

गलती से विषाक्त घोल दे दिया जिसके परिणामस्वरूप पत्नी की मृत्यु हो गई। विनिश्चित केसों की सहायता से 'A' के दायित्व का विवेचन कीजिए।

5. Sita was the elder sister of Gita. The elder one was 24 years old who was working as a model and earning good money in Mumbai. Her flamboyant lifestyle was envied by the younger sister aged 14 years who aspired to follow in her elder sister's footsteps, but was prevented from doing so by their parents who had disowned their elder daughter for eloping with her actor boyfriend and bringing a bad name to their family. The younger one used to talk to her elder sister over telephone without the knowledge and against the wishes of her parents. One day upon assurance

from her sister of a better lifestyle, she left home and boarded a train to Mumbai. Her father lodged a complaint of kidnapping against the elder daughter. Discuss the liability of Sita in the aforesaid case.

सीता गीता की बड़ी बहन थी। बड़ी बहन की आयु 24 वर्ष थी। वह मुम्बई में मॉडल के रूप में कार्यरत थी तथा अच्छी कमाई कर रही थी। उसकी 14 वर्षीय छोटी बहन, जो उसके नक्शे कदम पर चलने की आकांक्षा रखती थी, उसकी भड़कीली जीवनशैली से प्रतिस्पर्धा करती थी किन्तु उनके माता-पिता ने उसे ऐसा करने से रोक दिया था। माता-पिता ने अपनी बड़ी पुत्री को अपने अभिनेता मित्र के साथ पलायन करने तथा उनके कुटुम्ब की बदनामी करने के कारण परित्यक्त कर दिया था। छोटी बहन अपने माता-पिता की जानकारी के

बिना तथा उनकी इच्छा के विरुद्ध अपनी बड़ी बहन के साथ टेलीफोन पर बात किया करती थी। एक दिन अपनी बड़ी बहन से बेहतर जीवनशैली का आश्वासन पाकर गीता ने घर छोड़ दिया तथा मुम्बई की लिए ट्रेन पकड़ ली। उसके पिता ने बड़ी पुत्री के विरुद्ध व्यपहरण की शिकायत दर्ज करा दी। पूर्वोक्त केस में सीता के दायित्व का विवेचन कीजिए।

6. Write notes on the following :

(*a*) Grievous hurt;

(*b*) Dowry death.

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :

(*a*) घोर उपहति;

(*b*) दहेज मृत्यु।

7. (*a*) Rajesh a school dropout procured a false marksheet for graduation and produced the same for gaining admission into a university. What offence if any has been committed by Rajesh ?

(*b*) 'X' a police officer arrested 'Y' and refused to release him on bail until Rs. 5,000 was paid as bribe. 'Y' handed over the amount demanded by 'X' and was subsequently released on bail by him. What offence is 'X' guilty of ?

(*a*) स्कूल से विरत राजेश ने ग्रेजुएशन का मिथ्या अंकपत्र प्राप्त कर लिया तथा उसे किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने हेतु पेश कर दिया। राजेश ने क्या अपराध, यदि कोई है, किया है ?

(*b*) एक पुलिस अधिकारी 'X' ने 'Y' को गिरफ्तार कर लिया तथा उसे तब तक जमानत पर रिहा करने से मना कर दिया जब तक वह 5,000 रु. बतौर रिश्वत न दे। 'Y' ने 'X' द्वारा माँगी गई रकम उसे सौंप दी। उसे बाद में 'X' द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया। 'X' किस अपराध का दोषी है ?

8. 'A' while taking a stroll in the wee hours of the morning, came across a dead body. Finding no one around, he quickly removed the gold chain and ring from the dead body and put them in his pocket. What the offence, if any, is committed by 'A'.

Also explain what is the difference between Criminal breach of trust and dishonest misappropriation of property.

सुबह सवेरे सैर करते समय 'A' को एक शव पड़ा मिला। आसपास किसी को न पाकर उसने शीघ्र शव से सोने की चेन तथा अंगूठी उतार ली तथा उन्हें अपनी जेब में रख लिया। 'A' द्वारा क्या अपराध, यदि कोई है, किया गया है ?

यह भी स्पष्ट कीजिए कि आपराधिक न्यासभंग और सम्पत्ति के बेईमानी से दुर्विनियोग के बीच क्या अन्तर होता है ?